तापमान

भोपाल	17.0°	28.0°
इंदौर	18.0°	29.0°
जबलपुर	18.0°	30.0°
ग्वालियर	20.0°	30.0°
सागर	19.0°	30.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 336, पृष्ठ 12)
कार्तिक, कृष्ण दसमी संवत् 2083
बुधवार, 4 नवम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



राजधानी... शराब माफिया के खिलाफ निडरता से कार्रवाई ...



खेल... टेस्ट क्रिकेट में भी बने है चौके और छक्कों के रिकार्ड ...



व्यापार... सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी ...



देश-विदेश... क्या मिडटर्म चुनावों में हार मान चुके हैं ...

भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था: पीएम मोदी

पुणे मेट्रो परियोजना का शिलान्यास, देश में 12 वर्षों में मेट्रो नेटवर्क 248 से बढ़कर 1,200 किलोमीटर

नईदुनिया ब्यूरो, पुणेः भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ गरीबी घटाने में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। गरीबों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और किसानों को सशक्त बनाने के प्रयास जारी हैं। यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पुणे में मेट्रो परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष फरवरी में शहरी चुनौती कोष को मंजूरी दी है, जिसके लिए एक लाख करोड़ रुपये की सहायता दी जा रही है। इससे शहरों में बड़े स्तर पर निवेश जुटाने का लक्ष्य है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पुणे मेट्रो परियोजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी का उदाहरण है। मेट्रो का विस्तार शहरों के विकास, रोजगार और नागरिकों की सुविधा को नई गति दे रहा है। हिंजवड़ी से शिवाजीनगर के बीच मेट्रो सेवा शुरू होने से पुणे के प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। नई मेट्रो लाइन से शहर के पुराने और नए क्षेत्रों के बीच आवागमन भी सुगम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुणे सूचना प्रौद्योगिकी, वाहन उद्योग, औषधि निर्माण, नवाचार और विनिर्माण के क्षेत्र में युवाओं के लिए अवसरों का प्रमुख केंद्र बन रहा है।

मेट्रो संपर्क मजबूत होने से नागरिकों का समय बचेगा और शहर की उत्पादकता बढ़ेगी।



देश के 26 शहरों में मेट्रो सेवा

प्रधानमंत्री ने बताया कि वर्ष 2014 में देश में केवल 248 किलोमीटर मेट्रो मार्ग और पांच शहरों में मेट्रो सेवा उपलब्ध थी। पिछले 12 वर्षों में मेट्रो नेटवर्क बढ़कर लगभग 1,200 किलोमीटर हो गया है। वर्तमान में देश के 26 शहरों में मेट्रो संचालित है और प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक यात्री इसका उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में वर्ष 2014 में लगभग 10 से 11 किलोमीटर मेट्रो मार्ग संचालित था, जो अब बढ़कर करीब 200 किलोमीटर हो गया है। राज्य में 680 किलोमीटर से अधिक मेट्रो मार्गों पर निर्माण कार्य जारी है। मेट्रो परियोजनाओं में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है, जिससे श्रमिकों, अभियंताओं और अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

याद दिलाया सामाजिक उत्तरदायित्व

प्रधानमंत्री ने त्योहारों के इस मौसम में नागरिकों को उनके सामाजिक उत्तरदायित्व की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें सूखे से प्रभावित लोगों, किसान परिवारों और मुश्किलों का सामना कर रहे अन्य लोगों का भी ध्यान रखना चाहिए ताकि उनके घरों में भी दिवाली की खुशियां बनी रहें। उन्होंने देशवासियों से इस आपदा का मिलकर सामना करने की अपील की।

वन और वन्य प्राणियों के संरक्षण पर खर्च होंगे 17,240 करोड़ 55 लाख

कैबिनेटः प्रदेश के विकास के लिए 23,300 करोड़ के प्रस्ताव मंजूर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए 23 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के वित्तीय प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक में वनों के संवर्धन, वन्यजीव संरक्षण, सिंचाई परियोजनाओं, नगरीय अधोसंरचना, स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश और लोकायुक्त संगठन के संचालन सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने बताया कि वनों के संवर्धन एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी नौ योजनाओं के लिए 17,240 करोड़ 55 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। यह राशि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक खर्च की जाएगी। मंत्रि-परिषद ने पन्ना, विदिशा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली और उज्जैन की सिंचाई परियोजनाओं के निरंतर संचालन के लिए 4,103 करोड़ 73 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। उज्जैन की सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के लिए 136 करोड़ 3 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे शिप्रा नदी को वर्षभर प्रवाहमान बनाए रखने में सहायता मिलेगी।



नगरीय विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र को प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना को 1 अप्रैल 2027 से 31 मार्च 2029 तक जारी रखने के लिए 700 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अंतर्गत पेयजल, साफ-सफाई, मार्ग, नालियां, प्रकाश व्यवस्था, सामुदायिक भवन और अन्य नागरिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में उद्योगों और निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्योग निवेश संवर्धन सहायता योजना के संचालन हेतु 610 करोड़ 51 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

लोकायुक्त व जनजातीय संग्रहालय के लिए स्वीकृति

लोकायुक्त संगठन के सुचारू संचालन के लिए 573 करोड़ 85 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। इसमें कार्यालय स्थापना, वेतन, कार्यालय व्यय और परिसंपत्तियों के रखरखाव की राशि शामिल है। जबलपुर स्थित राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय के संचालन के लिए सहायक अनुसंधान अधिकारी का एक नियमित पद और वार्षिक व्यय के लिए 83 लाख 18 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है।

पन्ना की मझगांव मध्यम परियोजना के लिए 69 करोड़ 36 लाख रुपये, विदिशा की टेम मध्यम सिंचाई परियोजना के लिए 277 करोड़ 52 लाख रुपये और सीतापुर-हनुमना सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के संचालन एवं रखरखाव के लिए 3,620 करोड़ 82 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। सीतापुर-हनुमना परियोजना से 1.20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होगी।

खास-खबरें

हेलिकॉप्टर टकराए पर्यटक की मौत

नेपाल, एजेंसीः नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह उतरने के दौरान दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड का भारतीय मूल का नागरिक और दोनों हेलिकॉप्टरों के पायलट घायल हो गए। हादसा सुबह 8 :11 बजे सोलुखुम्बु जिले के फेरीचे हेलीपैड पर हुआ। यहां फिशटेल एयर और एयर डायनेस्टी के हेलिकॉप्टर उतरने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, फिशटेल एयर के हेलिकॉप्टर में सवार भारतीय पर्यटक वसंत कुमार बालारामारामाडु की मौत हुई। इसी हेलिकॉप्टर में सवार न्यूजीलैंड के नागरिक शैलेश कृष्ण पटेल घायल हुए हैं।

यूक्रेन में रूसी हमला 29 की मौत

कीव, एजेंसीः दक्षिणी यूक्रेन के जापोरिज्जिया क्षेत्र में सोमवार को रूसी हवाई हमले में 29 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अनुसार, हमला कोमिशुवाखा बस्ती में हुआ, जहां एक स्कूल में राहत सामग्री बांटने का केंद्र चल रहा था। पास में ही आश्रय स्थल भी था। जेलेंस्की ने बताया कि मृतकों में दो राहतकर्मी और चार पुलिसकर्मी शामिल हैं। उन्होंने हमले को बेहद भयावह बताया है। रूस तनाव कम करना नहीं चाहता। इससे पहले 29 अक्टूबर को यूक्रेन के तीसरे सबसे बड़े शहर द्नीप्रो के रेलवे स्टेशन पर हुए मानवरहित विमान हमले में कम से कम 14 लोगों की मौत हुई थी।

पुरी का रास पहुंचना तय, दो नामांकन रद्द

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। कांग्रेस ने उनके शपथपत्र में सौ से अधिक त्रुटियां बताते हुए नामांकन निरस्त करने की मांग की थी। निर्वाचन अधिकारी ने सभी आपत्तियां खारिज कर दीं। कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार लोहानी और एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी कांते सायन्ना का नामांकन भी निरस्त कर दिया गया है।

रिटायर्ड आईएएस अग्रवाल की हत्या का आरोपी आगरा से गिरफ्तार

भागने की कोशिश पर पुलिस ने किया शार्ट एनकाउंटर



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रातीबड़ थाना इलाके में एक माह पहले रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राकेश अग्रवाल की उनके घर में गला रेतकर हत्या के बाद फरार केयरटेकर वरुण वाल्मिकी को पुलिस ने आगरा से गिरफ्तार कर लिया है। हिरासत के दौरान भोपाल में पुलिस से पिस्टल छीनने कर भागने के प्रयास में शार्ट एनकाउंटर कर उसे काबू कर लिया गया।



50 हजार के इनामी आरोपी की तलाश पुलिस की 10 टीमों ने नौ राज्यों में लगभग 2500 सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। अंततः उसे आगरा-मथुरा मार्ग पर दबोच लिया गया। पुलिस को चकमा देने के लिए उसने कचरा बीनने वाले का हुलिया बना रखा था। शुरुआती पूछताछ में उसने राकेश अग्रवाल का कत्ल नाराजगी और दुर्भावना के कारण करने की बात कही है। रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ जारी है।

नगरीय पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि रिटायर्ड अधिकारी 72 वर्षीय राकेश अग्रवाल सूरज नगर में रहने थे। स्वास्थ्य खराब रहने के कारण उन्होंने देखरेख के लिए एक एजेंसी के माध्यम से 27 वर्षीय वरुण वाल्मिकी को केयरटेकर के रूप में रखा था। 29-30 सितंबर की रात वरुण राकेश अग्रवाल की हत्या कर दी थी। उसके बाद वह रेलवे स्टेशन से केरला एक्सप्रेस में सवार होकर फरार हो गया था। मूलतः पटियाला पंजाब के रहने वाले वरुण का एक घर आगरा में भी था। सुराग नहीं मिलने के कारण पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम भी रखा था। इस मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए 10 पुलिस टीमों ने पंजाब, उत्तर प्रदेश, रेलवे पुलिस से भी लगातार समन्वय बनाकर रखा था। शातिर वरुण द्वारा मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने के कारण भी उसकी लोकेशन पता करना बड़ा मुश्किल काम बन गया था। उसके संभावित ठिकानों ग्वालियर, आगरा, मथुरा,वृंदावन में पुलिस ने वेशभूषा बदलकर रैकी भी की। अंततः उसे आगरा में दबोच लिया गया। भोपाल में मुगलिया छाप के निकट आरोपी द्वारा पिस्टल छीनने एवं भागने का प्रयास किया गया। इस दौरान उसके पैर में गोली लग गई। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है।

अनिश्चितकाल तक धरना नहीं दे सकतेः सुप्रीम कोर्ट

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी संगठन प्रदर्शन के लिए सार्वजनिक स्थल पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकता। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थानों पर भी समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को अपनी बात रखने का अवसर मिल सके।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए प्रदर्शनों से जुड़ी



याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें पुलिस कार्रवाई, हिरासत, निगरानी और कारोबारियों को हुए नुकसान के मुद्दे शामिल हैं।

दिल्ली के व्यापारिक संगठनों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि प्रदर्शनों के कारण त्योहारों के दौरान कारोबार प्रभावित हुआ। उन्होंने करीब दो हजार करोड़ रुपये के नुकसान का दावा करते हुए अगले दो महीने तक धरना-प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की।


एक दिन की अनुमति, 17 दिन बैठे

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति केवल एक दिन के लिए मिली थी, लेकिन प्रदर्शनकारी 17 दिन तक बैठे रहे। उन्होंने बिना अनुमति संसद की ओर मार्च किए जाने का भी उल्लेख किया। वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने करीब सात हजार लोगों को हिरासत में लिए जाने का मुद्दा उठाया। वहीं प्रशांत भूषण ने प्रदर्शनकारियों की निगरानी के कानूनी आधार पर सवाल किया। मेहता ने कहा कि निगरानी केवल सीसीटीवी से की गई। न्यायालय ने सभी पक्षों को गंभीरता से सुना।

सफल परीक्षणः एक ही प्रक्षेपक से दो प्रलय मिसाइलें दागीं

- पाँच सौ किलोमीटर दूर स्थित दो लक्ष्य किए तबाह, सीमा पर तैनाती की तैयारी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने मंगलवार को ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इसकी प्रमुख विशेषता यह है कि एक ही प्रक्षेपक से लगातार दो मिसाइलें दागी जा सकती हैं। भारत ने पहली बार इस क्षमता का प्रदर्शन किया है। प्रलय मिसाइल की मारक क्षमता 500 किलोमीटर तक है। यह अलग-अलग स्थानों पर स्थित लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। इसे अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि




उड़ान के दौरान यह अपना रास्ता बदलने में सक्षम है। परीक्षण से पहले दो किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया था। परीक्षण में मिसाइलों ने निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। रूस और अमेरिका पहले ही एक प्रक्षेपक से कई मिसाइलें दागने की क्षमता वाले तंत्र विकसित कर चुके हैं। भारत ने यह क्षमता स्वदेशी तकनीक के माध्यम से विकसित की है। प्रलय मिसाइल को पाकिस्तान सीमा पर तैनात किए जाने की संभावना है। सफल परीक्षण से एक ही प्रक्षेपक के जरिए अलग-अलग लक्ष्यों पर लगातार हमला करने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ है।

संघ की बैठक में विस्तार और नई कार्ययोजना पर मंथन

- पहली बार सभी प्रांतों के 400 पदाधिकारी शामिल

नईदुनिया ब्यूरो, इंदौरः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक में संगठन की आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना पर मंथन किया जा रहा है। इंदौर के डेली कॉलेज स्थित संत श्री रविदासजी महाराज सभागार में चल रही तीन दिवसीय बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हैं। इस बार पहली बार संघ प्रमुख मोहन




भागवत सहित सभी प्रांतों के प्रमुख पदाधिकारियों को बैठक में आमंत्रित किया गया है। संघ आगामी कार्ययोजना में सामाजिक समरसता, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली, परिवार प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य पर विशेष ध्यान देगा। इन पांच विषयों को पंच परिवर्तन नाम दिया गया है। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा व महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। शहरों, गांवों और महाविद्यालयों में युवाओं को जोड़ने चलाए गए

सागर के पूर्व एसपी अनुराग सुजानिया का इस्तीफा

- चार दिन पहले पीएचक्यू में एआईजी बनाए गए

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश संवर्ग के 2014 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अनुराग सुजानिया ने सोमवार को नौकरी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस्तीफे में व्यक्तिगत कारणों का उल्लेख किया है। करीब छह महीने पहले सागर के पुलिस अधीक्षक बनाए गए सुजानिया को चार दिन पहले इस पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय में सहायक महानिरीक्षक बनाया गया था।



इस्तीफे के बाद राज्य सरकार सक्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार शाम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में कानून-व्यवस्था के साथ सुजानिया के इस्तीफे के मामले पर भी चर्चा होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री मंगलवार सुबह भौंरी पहुंचे थे, जहां भारतीय पुलिस सेवा संघ के पदाधिकारियों ने उनसे इस मामले पर चर्चा की। बताया गया कि मुख्यमंत्री ने संघ से मामले में हस्तक्षेप करने को कहा था।

राजनीति *प्रतिनिधि सभा की सभी 435 और सीनेट की 35 सीटों पर चुनाव...*

अमेरिका के सभी राज्यों में मध्यावधि चुनाव के लिए मतदान

वाशिंगटन, एजेंसीः अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान शुरू हो गया। भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे सबसे पहले आठ राज्यों में मतदान केंद्र खुले। इनमें कनेक्टिकट, इंडियाना, केंटकी, मेन, न्यू हैम्पशायर, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क और वर्जीनिया शामिल हैं। इन चुनावों में अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों और उच्च सदन सीनेट की 35 सीटों पर मतदान हो रहा है। कुछ राज्यों में राज्यपाल पदों के लिए भी चुनाव होंगे।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के दो वर्ष बाद मध्यावधि चुनाव कराए जाते हैं। वर्तमान में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को संसद के दोनों सदनों में बहुमत प्राप्त है। यदि पार्टी किसी एक सदन में भी बहुमत गंवा देती है, तो राष्ट्रपति के लिए अपने प्रमुख एजेंडे से जुड़े कानून पारित कराना मुश्किल हो सकता है।

अमेरिकी सीनेट में कुल 100 सीटें हैं। वर्तमान में रिपब्लिकन पार्टी के पास 53, डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 45 और निर्दलीय सदस्यों के पास दो सीटें हैं। निर्दलीय सदस्य डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ मिलकर काम करते हैं। सीनेट में बहुमत के लिए 51 सदस्यों का समर्थन आवश्यक है। यदि दोनों



दलों के पास 50-50 सीटें होती हैं, तो उपराष्ट्रपति जेडी वेंस निर्णायक मत दे सकते हैं। इस बार सीनेट की 35 सीटों पर चुनाव हो रहा है। इनमें 22 सीटें रिपब्लिकन और 13 सीटें डेमोक्रेटिक पार्टी के पास हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुमत हासिल करने के लिए कम से कम चार सीटों का शुद्ध लाभ प्राप्त करना होगा।

ईरान के केश्म द्वीप पर पांच धमाके, तनाव बढ़ा

तेहरान, एजेंसीः अमेरिका में मंगलवार को मध्यावधि चुनाव के लिए मतदान से पहले सोमवार को ईरान के केश्म द्वीप पर कम से कम पांच जोरदार धमाके हुए। पास के बंदर लेंगेह शहर में भी विस्फोट की खबर सामने आई। अमेरिकी समाचार पत्र 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने अधिकारियों के हवाले से दावा किया कि हमला अमेरिका ने किया। हालांकि, ईरानी माध्यमों ने हमले के पीछे अमेरिका या इजराइल का हाथ होने की पुष्टि नहीं की है। ईरान ने इस बीच अमेरिका के दो एमक्यूएम-170 मानवरहित विमानों को मार गिराने का दावा किया है।